साहित्य अकादेमी

स्वच्छता पखवाड़ा (16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2018)

स्वच्छता अभियान पर व्याख्यान तथा पुरस्कार वितरण

27 अप्रैल 2018

साहित्य अकादेमी द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज साहित्य अकादेमी सभागार में समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष तथा प्रतिष्ठित हिंदी गीतकार एवं गजलकार श्री माधव कौशिक थे। आरंभ में अकादेमी के सचिव डा. के. श्रीनिवासराव ने औपचारिक स्वागत करते हुए पखवाड़े के दौरान प्रधान कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय दिया तथा उपाध्यक्ष महोदय को इस अवसर पर उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया। श्री माधव कौशिक ने जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्यकार अपनी रचनाओं द्वारा लोगों के मन को स्वच्छ बनाने का काम करते हैं। साहित्य अकादेमी चूंकि साहित्य की संस्था है इसलिए इसके कर्मचारी होने के नाते आप सबका दायित्व और भी बढ़ जाता है। अंत में उन्होंने पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए। अकादेमी के विशेष कार्याधिकारी डा. देवेंद्र कुमार देवेश ने धन्यवाद ज्ञापन किया।